दैनिक भास्कर रेवाड़ी भास्कर 14-02-2024



# राज्य स्तरीय महोत्सव...सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी, फाइन आर्ट लेखन, रंगोली और कोलाज मेकिंग प्रतियोगिता करवाई

भास्कर न्यूज | धारूहेड़ा

राजकीय महाविद्यालय खरखड़ा में मंगलवार को अंतर महाविद्यालय राज्य स्तरीय महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, फाइन आर्ट लेखन, रंगोली, कोलाज मेकिंग, ऑन द स्पॉट पेंटिंग, फोटोग्राफी, कार्टूनिंग, पॉट डेकोरेशन, बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट, मेहंदी प्रतियोगिता, पोस्टर मेकिंग, क्ले मॉडलिंग प्रतियोगिता, अंग्रेजी काव्य पाठ, भाषण प्रतियोगिता, हिंदी कविता पाठ इत्यादि आयोजित किए गए।

इसके मुख्य अतिथि अनीता प्रताप सिंह रिटायर्ड प्रिंसिपल व मेंबर जज कंज्यूमर कोर्ट फरीदाबाद व अतिथि विभा खन्ना, अनुपमा बत्रा, पूजा खुल्लर और डॉ. नमिता राजनीति विज्ञान सहायक प्रोफेसर आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान मंच संचालन डॉ. सुशीला लाम्बा द्वारा किया गया। इस दौरान अन्य महाविद्यालयों व अतिथियों को प्राचार्या डॉ. अर्चना सुद्रा ने प्रकृति अंशस्वरूप पौधे भेंट किए।

कार्यक्रम में रेवाड़ी, गुरुग्राम और मेवात आदि जिलों के 9 महाविद्यालयों ने भाग लिया। कार्यक्रम में किशनलाल पब्लिक कॉलेज ने 11, आरडीएस कॉलेज ने 06, गवर्नमेंट कॉलेज बावल ने 09 पुरस्कार, गवर्नमेंट कॉलेज सेक्टर 52 गुरुग्राम ने 08, गवर्नमेंट कॉलेज जाटूसाना ने 03, गवर्नमेंट कॉलेज खड़खड़ा ने 15, गवर्नमेंट कॉलेज रेवाड़ी ने 03, गवर्नमेंट कॉलेज तावडू ने 1 पुरस्कार अर्जित किया।



राज्य स्तरीय महोत्सव के दौरान उपस्थित विद्यार्थियों के साथ स्टाफ।






दैनिक भास्कर
रेवाड़ी भास्कर 21-03-2024

## एनएसएस कैंप में महिलाओं व बच्चों के विरुद्ध अपराध को लेकर किया जागरूक

भास्कर न्यूज़ | धारूहेड़ा



महिलाओं व बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने व उन्हें जागरूक करने के उद्देश्य से दुर्गा शक्ति इंचार्ज एएसआई सुनीता व उनकी टीम ने मंगलवार को गांव खरखड़ा में राजकीय महाविद्यालय खरखड़ा द्वारा आयोजित एनएसएस कैंप में विशेष कार्यक्रम के दौरान महिलाओं व बच्चों के विरुद्ध होने वाले अपराधों, साइबर अपराधों, गुड टच व बैड टच, पोक्सो एक्ट, डायल 112 व दुर्गा शक्ति एप के बारे में जागरूक किया गया।

इस दौरान छात्र छात्राओं एवं शिक्षकों को महिलाओं व बच्चों के विरुद्ध होने वाले अपराधों, विभिन्न प्रकार के साइबर अपराधों, अपराधों से बचाव व अपराध होने उपरांत उनके उपाय के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। बताया गया कि असुरक्षित परिस्थिति में पुलिस सहायता की जरूरत हो तो डायल-112 एप से पुलिस सहायता प्राप्त की जा सकती है। पुलिस टीम ने छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों को बताया कि महिला विरुद्ध अपराधों पर पुलिस द्वारा सख्ती से कार्रवाई की जा रही है। महिला थाना, डायल 112 व 'दुर्गा शक्ति' एप पीड़िता की मदद के लिए है।

## स्वयंसेवकों को दी कानून जानकारी



जागरूकता अभियान में भाग लेने वाले महाविद्यालय खरखड़ा के स्वयंसेवक● सौ.प्रवक्ता

संस. धारूहेड़ा: राजकीय महाविद्यालय खरखड़ा की एनएसएस इकाई द्वारा गांव खरखड़ा द्वारा लगाए जा रहे शिविर के छठे दिन स्वयंसेवकों को योगासन का अभ्यास कराया तथा स्वयंसेवकों द्वारा पौधारोपण किया गया। इस मौके पर एडवोकेट सुरेंद्र कुमार ने स्वयंसेवकों को कानूनी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि घरेलू हिंसा कितने प्रकार की होती है। साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि घरेलू हिंसा होने पर हम किस अनुच्छेद का प्रयोग करके अपने आप को सुरक्षित कर सकते हैं। दोपहर बाद कालेज प्रवक्ता सुशीला लांबा ने स्वयंसेवकों को एनएसएस की महता के बारे में अवगत कराया। साथ ही कानून से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई और उसके प्रयोग के बारे में भी बताया गया। महिलाओं को घरेलू हिंसा व उत्पीड़न से जुड़े कानून के बारे में बताया गया। इस अवसर पर प्रोग्राम अधिकारी ज्योति गुप्ता व मनु कुमार ने सभी आगुंतकों का आभार जताया।

## स्वयंसेवकों को साइबर क्राइम के प्रति किया जागरूक



महाविद्यालय के शिविर में अतिथि का स्वागत करते स्टाफ सदस्य ● सौ. महाविद्यालय

संस. धारूहेड़ा: राजकीय महाविद्यालय खरखड़ा में चल रहे सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के पांचवें दिन स्वयंसेवकों को योग अभ्यास व साइबर क्राइम से बचाव को लेकर जागरूक किया गया। दोपहर बाद साइबर क्राइम को लेकर पेंटिंग प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। इस दौरान सब इंस्पेक्टर सुनीता ने स्वयंसेवकों को साइबर क्राइम से बचाव को लेकर टिप्स दिए। इस मौके पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता भी कराई गई, जिसमें दीपेश को प्रथम, प्रवीता द्वितीय तथा प्रियंका तृतीय स्थान पर रही। निर्णायक मंडल की भूमिका डा. भारत भूषण, ज्योति व डा. दीपक ने निभाई। प्रोग्राम अधिकारी ज्योति गुप्ता व मनु कुमार ने अतिथियों का आभार जताया।

दैनिक भास्कर

रेवाड़ी भास्कर 23-03-2024

# खरखड़ा कॉलेज में सात दिवसीय एनएसएस कैंप संपन्न



धारूहेड़ा | राजकीय महाविद्यालय खरखड़ा में शुक्रवार को राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत संचालित हो रहे सात दिवसीय शिविर का समापन कार्यक्रम हुआ। मुख्यातिथि दिवान सिंह चौहान सदस्य राष्ट्रीय उपभोक्ता फोरम उपस्थित रहे, साथ ही उनकी धर्मपत्नी डॉ. रजनी चौहान भूतपूर्व प्राध्यापक केएलपी कॉलेज ने शिरकत की। मंच का संचालन डॉ. सुशीला लाम्बा ने किया। कार्यक्रम के दौरान स्वयंसेवक अभय दास ने शिविर की साप्ताहिक रिपोर्ट पढ़ी। दिवान सिंह चौहान ने स्वयंसेवक और स्वयंसेविकाओं को सम्बोधित करते हुए अपने विचार रखे। कॉलेज प्राचार्या डॉ. अर्चना सुड्डा ने स्वयंसेवकों के कार्य की सराहना की। कार्यक्रम अधिकारी मनु कुमार और ज्योति गुप्ता के कुशल सेवा योजना शिविर के संचालन व समापन की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम अधिकारी ज्योति गुप्ता ने सभी स्वयंसेवकों को सर्टिफिकेट वितरित किए। इस अवसर पर डॉ. रामनिवास, महेश, डॉ. प्रदीप, डॉ. भारतभूषण, सरिता, कविता, स्वीटी, शर्मिला, शिल्पा, एकता, मान्या व शिवानी आदि उपस्थित रहे।



# Tungnath Adventure Camp (23 to 29 January 2024)



Indira Gandhi University Meerpur, Rewari-Haryana

(A State University Established Under Haryana Act No. 29 of 2013)

National Service Scheme

Ministry of youth affairs & sports govt. of india

Second University Level Adventure Camp

This is certified that Mr./Ms. TANU S/o / D/o ABHE SINGH

NSS Volunteer Of Govt. College, Kharkhara has successfully completed University Level

Adventure Camp from 23 Jan 2024 to 29 Jan 2024 at Tungnath, Uttarakhand

he/she secured A+ grade.

Sr. No. IGU/NSS/AC 2nd/2024/06

Date 23/03/2024

Programme Coordinator

National Service Scheme





# Awareness on Stubble Burning



## विद्यार्थियों ने खेतों में जाकर किसानों व रैली निकाल ग्रामीणों को पराली न जलाने के लिए किया जागरूक

में किसानों को जागरूक करते राजकीय कॉलेज के विद्यार्थी।

पराली नहीं जलाने के प्रति जागरूकता रैली निकालते राजकीय विद्यालय अलावलपुर के शिक्षक व विद्यार्थी।

### पराली जलाने से पर्यावरण को होने वाले नुकसान के बारे में कराया अवगत

